नडाल ने बर्लिन में लेवर कप से नाम वापस लिया



बर्लिन। राफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन में होने वाले लेवर कप से नाम वापस ले लिया जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेगा। लेवर कप से ही रोजर फेडरर ने 2022 में टेनिस को अलविदा कहा था जिन्होंने युगल में नडाल के साथ खेला था। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले सप्ताह बर्लिन में लेवर कप नहीं खेल सकूंगा। एजेंसी

न्यूज डायरी

मुंबई में पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी अगले माह यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी के साथ।

अग्रवाल-प्रथम के अर्धशतक भारत ए का पलड़ा भारी

अनंतपुर। कप्तान मयंक अग्रवाल और प्रथम सिंह के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच के दूसरे दिन दूसरी पारी में एक विकेट पर 115 रन बनाकर भारत डी के खिलाफ अपना पलड़ा भारी कर दिया। भारत ए ने अपनी पहली पारी में 290 रन बनाकर भारत डी को 183 रन पर समेट दिया था। भारत डी की तरफ से देवदत्त पडिक्कल ने 92 रन की पारी खेली। पहली पारी में 107 रन की बढ़त लेने वाले भारत ए की कुल बढ़त 222 रन हो गई है। एजेंसी

अभिमन्यु-जगदीशन ने दिलाई भारत बी को मजबूत शुरुआत

अनंतपुर। सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन और नारायण जगदीशन की पहले विकेट के लिए 124 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत बी ने दलीप ट्रॉफी के दूसरे दिन भारत सी के 525 रन के जवाब में मजबूत शुरुआत की। स्टंप्स के समय ईश्वरन और जगदीशन क्रमशः 51 और 67 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे जबकि टीम ने 36 ओवर में बिना किसी नुकसान के 124 रन बना लिए। इससे पहले मानव सुथार ने 82 रन की पारी से भारत सी को 500 के पार पहुंचाया। एजेंसी

बैडमिंटन : क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची

हो ची मिन्ह सिटी। भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में सतीश करुणाकरण और आद्या की हमवतन शीर्ष वरीय जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। थारुन मन्नेपल्ली का अभियान अंतिम आठ के मुकाबले में समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के शोगो से 13-21, 13-21 से हार गए। एजेंसी

पैरा खिलाड़ियों ने दिव्यांगों के प्रति समाज का बदला नजरिया : पीएम

खिलाड़ियों ने दिव्यांगों के प्रति दया भाव नहीं बल्कि सम्मान से देखने की भावना पैदा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरा खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दिव्यांगों के प्रति समाज का नजरिया बदला है। पीएम ने पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से बातचीत में कहा, आपने व्यक्तिगत जीवन में संघर्ष किया है, उपहास भी सहन किया होगा, इस कारण खेल में जय-पराजय का कोई भी भाव आपके मन में नहीं है। ये जीवन की सिद्धि है, यही आपको आगे लेकर जाने की ताकत देती है। पीएम ने कहा, पैरा खिलाड़ी देश के नागरिकों में दिव्यांगों के प्रति दया भाव नहीं बल्कि सम्मान से देखने की भावना पैदा कर रहे हैं। पैरा खिलाड़ी सिर्फ पदक नहीं जीत रहे बल्कि माहौल बदल रहे हैं। हर दिव्यांग के मन में विश्वास पैदा कर रहे हैं कि हम भी कुछ कम नहीं हैं। ब्यूरो

पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पैरा खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

नवदीप बोले विजेताओं से बात कर बढ़ा विश्वास

पैरा खिलाड़ियों के पीएम से बातचीत के 43 मिनट के वीडियो में भाला फेंक के एफ-41 वर्ग के विजेता नवदीप ने कहा, उनका इवेंट सबसे देर से था तो वह 21 अगस्त को पेरिस पहुंचे तो देखा सभी के पदक आ रहे हैं, मेरा क्या होगा। उसके बाद वह कई पदक विजेताओं से मिले तब उनमें विश्वास आया कि वह भी कुछ कर सकते हैं। दृष्टिबाधित जूडो में भारत को पहली बार कांस्य पदक दिलाने वाले कपिल परमार ने कहा, दृष्टिबाधित खिलाड़ी को संभालना बेहद मुश्किल है।

पैरा प्रशिक्षकों को बताया असाधारण

पीएम ने पैरा खिलाड़ियों को कोचिंग देने वाले प्रशिक्षकों को असाधारण बताया। उन्होंने कहा कि वे पैरा खिलाड़ियों को तकनीक के साथ जीवन का तरीका भी सिखाते हैं। पैरा कोच सत्यपाल सिंह ने कहा, उन्होंने 2005 में पैरा खिलाड़ियों को कोचिंग देना शुरू किया था तब उन्हें अजीब नजरों से देखा जाता था। लोग कहते थे कि समय खराब कर रहे हैं, आज वही पैरा खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं।

सेवानिवृत्त खिलाड़ी रीसेट योजना से जुड़ें : मांडविया

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से 'सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (रीसेट)' कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की। इस पहल की शुरुआत मांडविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर की थी। मंत्री ने कहा,' रीसेट कार्यक्रम संन्यास ले चुके उन खिलाड़ियों को पहचान दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कदम है जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है।' एजेंसी

पाकिस्तान पर 8 साल से जारी दबदबे को बरकरार रखने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मुकाबला आज, दोनों टीमों के टूर्नामेंट में हुए 9 मैचों में 7 भारत ने जीते

हुलुनबुइर (चीन)। सेमीफाइनल में जगह बना चुकी अजेय भारतीय हॉकी टीम चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बहु प्रतीक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में आठ साल से जारी अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। चार मैचों में चार जीत दर्ज करके गत विजेता भारत अंक तालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान ने भारत से पिछला मैच 2016 में दक्षिण एशियाई खेलों के फाइनल में गुवाहाटी में जीता था।

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1 , मलयेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया। दूसरी ओर पूर्व फॉरवर्ड ताहिर जमां के मार्गदर्शन में खेल रही पाकिस्तानी टीम ने मलयेशिया और कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2-1 और चीन को 5-1 से हराया।

कप्तान हरमनप्रीत शानदार लय में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक की शानदार लय बरकरार रखी है और वह पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हरमनप्रीत ने कहा,'मैं जूनियर दिनों से पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलता आया हूं। मैदान पर हालांकि जज्बात पर काबू रखना होता है। पाकिस्तान मजबूत टीम है और किसी भी समय मैच में वापसी का दम रखती है।

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय हॉकी टीम लगातार चार मुकाबले जीत चुकी है। फाइल फोटो

04 बार सर्वाधिक एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है भारत ने जबकि पाकिस्तान तीन बार विजेता है

2016 में दक्षिण एशियाई खेलों के बाद से पाकिस्तान हॉकी टीम के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता का कोई मुकाबला नहीं है। मुझे यकीन है कि हॉकी प्रेमियों को मैच का इंतजार होगा।
हरमनप्रीत, भारतीय कप्तान

भारत अब तक चैंपियन की तरह खेला है। हमने भी मैच दर मैच प्रदर्शन में सुधार किया है और अनुशासित हॉकी खेली है। **अम्माद, पाकिस्तान कप्तान**



मैच : दोपहर 1.15 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

पिछले 16 में से 14 मैच जीते हैं भारतीय टीम ने

पिछले 16 में से 14 मैचों में भारत ने पाकिस्तान जीत हासिल की है। दो मैच ड्रॉ रहे। हांगझोउ एशियाड में पिछले साल पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर 4-0 से जीत दर्ज की। जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने 1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि 2021 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 4-3 से हराया।

पाकिस्तान का रहेगा रक्षण पर जोर : पाकिस्तानी कप्तान अम्माद बट ने कहा कि पिछले कुछ मैचों में हमने अच्छा रक्षण किया है। भारत के खिलाफ भी हम रक्षण पर फोकस करेंगे खासतौर पर पेनॉल्टी कॉर्नर के समय पूरी तरह चौकस रहेंगे।

भारत के मैदानी गोल ज्यादा : भारतीय टीम के लिए एक मजबूत पक्ष है कि अब तक चार मैचों में भारतीय टीम ने अच्छी संख्या में मैदानी गोल किए हैं। पाकिस्तान टीम की बात करें तो उसके 19 साल के हनान शाहिद अभी तक टूर्नामेंट में 4 गोल कर चुके हैं जबकि भारत के लिए राजकुमार पाल, अरिजीत सिंह हुंदल, हरमनप्रीत, सुखजीत सिंह और उत्तर सिंह सभी ने तीन-तीन गोल किए हैं। शनिवार को खेले जाने वाले अन्य मैचों में मलयेशिया का मुकाबला कोरिया जबकि मेजबान चीन का मुकाबला जापान से होगा। एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला के लिए कोहली ने खोले हाथ

लंबे ब्रेक के बाद अभ्यास में जुटे भारतीय क्रिकेटर

चेन्नई में अभ्यास के दौरान विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह। एजेंसी

चेन्नई। एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है और पहले अभ्यास सत्र में चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली ने नेट पर 45 मिनट बिताए जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी जमकर अभ्यास किया।

बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा, कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नए गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा,'उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने घरेलू सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी।' सूत्र ने बताया,' विराट करीब 45 मिनट वहां था और बुमराह ने भी लगातार गेंदबाजी की।' इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। बुमराह, केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बृहस्पतिवार को ही यहां पहुंच गए थे। एजेंसी

19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगी दो टेस्ट मैचों की शृंखला

डेविस कप रामकुमार एकल में लियो बोर्ग के खिलाफ खेलेंगे, यमर से भिड़ेंगे बालाजी

स्वीडन के खिलाफ बालाजी को एकल में उतारेगा भारत

स्टॉकहोम। भारत ने लगातार दूसरे डेविस कप टाई में युगल विशेषज्ञ एन श्रीराम बालाजी को एकल मुकाबले में उतारने का फैसला लिया है। स्वीडन के खिलाफ शनिवार को शुरू होने जा रहे विश्व ग्रुप-1 के पहले एकल में बालाजी स्वीडन के इलियस यमर से भिड़ेंगे, जबकि रामकुमार रामानाथन महान ब्योर्न बोर्ग के पुत्र लियो बोर्ग के खिलाफ खेलेंगे। रामकुमार की एटीपी रैंकिंग 332 और यमर की 238 है, जबकि बोर्ग की रैंकिंग 603 है। एजेंसी

332 वीं एटीपी रैंकिंग है रामकुमार रामानाथन की

एन श्रीराम बालाजी

ड्रॉ के मुताबिक युगल में भी खेलेंगे रामकुमार-बालाजी...कप्तान रोहित राजपाल ने रामकुमार और बालाजी को युगल में भी साथ में उतारने का फैसला लिया है। टाई के दूसरे दिन दोनों का सामना स्वीडिश जोड़ी फिलिप बरगेवी और आंद्रे गोरांसन से होगा। हालांकि पहले दिन स्कोर 1-1 होने पर युगल जोड़ी में बदलाव भी हो सकता है। यह टाई इंडोर कोर्ट पर खेला जाएगा, जो धीमा है।

15वां डेविस कप टाई खेलने उतरेंगे रामकुमार

युगल के बाद यही दोनों खिलाड़ी उलट एकल में भी खेलेंगे। यहां रामकुमार के सामने यमर और बालाजी के सामने बोर्ग होंगे। देश के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने चोटिल होने के चलते इस टाई से नाम वापस ले लिया। राजपाल ने कहा, पूनाचा फिट हो गए हैं, लेकिन प्रबंधन ने बालाजी को एकल में उतारने का फैसला लिया। संभावना है कि पूनाचा को युगल में उतारा जा सकता है।

■ रामकुमार का यह 15वां डेविस कप टाई है, जबकि बालाजी देश के लिए चौथी बार खेलेंगे।

पांचवें दिन बारिश के कारण मैदान पर भरा हुआ पानी।

अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट रद्द, भारत में 91 वर्ष में पहली बार बिना गेंद फेंके नहीं हुआ मैच

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच बिना टॉस और बिना कोई गेंद फेंके शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास का 8वां और 91 वर्ष के अंतराल में भारतीय धरती पर पहला टेस्ट मैच, जिसमें एक भी गेंद नहीं फेंकी गई। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा 26 वर्ष बाद हुआ है। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहले दो दिन अव्यवस्था और बाद में बारिश के कारण यह टेस्ट मैच नहीं हो सका।

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच यह एकमात्र टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही व अव्यवस्थाओं के कारण मैच के पहले दो दिन खेल शुरू नहीं हो सका। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने, सुपर सॉपर व कवर्स देरी से मंगवाने पर प्राधिकरण ने लापरवाही बरती। उसके बाद बारिश ने अपना काम किया।

कोहली और स्मिथ के मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं मैक्सवेल

नवभारत ब्यूरो । नई दिल्ली। आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भारत के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आधुनिक दौर के दो महान बल्लेबाजों विराट कोहली और स्टीव स्मिथ के मुकाबले को लेकर रोमांचित हैं। कोहली और स्मिथ मौजूदा दौर के 'फैब फोर' बल्लेबाजों में शामिल है जिसमें इंग्लैंड के कप्तान जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन भी हैं। मैक्सवेल ने स्टार स्पोटर्स से कहा, जिस तरह से ये दोनों सुपरस्टार बल्लेबाज स्मिथ और कोहली खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे पर इनकी बल्लेबाजी का काफी असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, ये दोनों या दोनों में से एक काफी रन बनाने वाला है।

जना स्माल फाइनेंस बैंक
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय : द फेयर वे, भूतल व प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2 B, ऑफ डोमलूर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, EGL बिजनेस पार्क के आगे, चल्लाघट्टा, बैंगलूरू- 560071. शाखा कार्यालय : मलय हाइट्स, प्रथम तल, IDBI बैंक के ऊपर, RBI के सामने, महादेवघाट रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) अधिनियम 2002, सहपठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) विनियम 2002 के नियम 8(6) व 9 के प्रावधानों के अंतर्गत ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिये आम सूचना

अधोहस्ताक्षरी ने, जना (JANA) स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, SARFAESI अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न संपत्ति को कब्जे में लिया है.विशेष रूप से कर्जदार को तथा बड़े पैमाने पर आम लोगों को सूचित किया जाता है कि, बैंक के देयकों को चुकता करने के लिये, नीचे उल्लेखित एकाउंट में, गिरवी रखी गई संपत्ति की आनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) "जैसा है, जहां है" तथा "जैसा है, जो है" के आधार पर, यहां नीचे निर्धारित तिथि को होगी.

अनु क्र.	लोन एकाउंट नंबर	मूल कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम	13-2 नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि	इस तिथि को मौजूदा बकाया राशि 18.05.2023 की तिथि को	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय	रिजर्व प्राइस INR में	प्रतिभूति राशि जमा (EMD) INR में	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बिड जमा करने की अंतिम तिथि, समय व स्थान
1	45089420000613 व 45089430000402	1) मि. मदन कुमार सोनी पिता छिदामी लाल सोनी, 2) श्रीमती माला सोनी पति मदन कुमार सोनी 3) मि. मयंक सोनी पिता मदन कुमार सोनी	10.12.2022	08.01.2024	रु. 26,68,664.70 (रुपये छब्बीस लाख अड़सठ हजार छः सौ चौंसठ एवं सत्तर पैसे मात्र) दिनांक 06.09.2024 की तिथि को	20.09.2024 09.00 AM से 05.30 PM	रु. 13,86,000/- (रुपये तेरह लाख छियासी हजार मात्र)	रु. 1,38,600/- (रुपये एक लाख अड़तीस हजार छः सौ मात्र)	03.10.2024 @ 11.00 AM से 02.00 PM	02.10.2024, शाम 05.00 बजे के पूर्व जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, मलय हाइट्स, प्रथम तल, IDBI बैंक के ऊपर, RBI के सामने, महादेवघाट रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001

संपत्ति विवरण/अनुसूची : खसरा नं. 528/12 वाली भूमि का सभी हिस्सा तथा पार्सल, एरिया का कुल माप- 495 वर्गफीट (46.00 मीटर्स), इस पर निर्माण सहित एक साथ, P.H. नं. 27 (पुराना), 49 (नया), वार्ड नं. 42 (पुराना), 48 (नया), मोहल्ला गोंड़ पारा ग्राम नंदई, R.N.M. राजनांदगांव-1, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.). **सीमाएं : पूर्व-** गली, **पश्चिम-** मनीष का मकान, **उत्तर-** रामाधार का मकान तथा **दक्षिण-** रूक्मणी का मकान.

संपत्तियां जैसा है, जहां है, व जो है जैसा है के आधार पर है तथा ई-नीलामी आन लाइन होगी। उपर उल्लेखित संपत्ति की खरीदी से संबंधित समस्त भुगतान जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के पक्ष में होगा। नीलामी, बैंक के अनुमोदित सर्विस प्रोवाइडर मे. 4 क्लोजर, वेब पोर्टल https:// bankauctions.in व www.foreclosureindia.com पर होगी। और अधिक जानकारी तथा विस्तृत विवरण मदद प्रक्रिया तथा ई नीलामी पर आन लाइन प्रशिक्षण के लिये संभावित बिडर्स में. 4 क्लोजर, संपर्क **मि. अरिजित कुमार दास, संपर्क नं. 8142000725** से संपर्क कर सकते हैं, ई-मेल आईडी : info@bankauctions.in/ arijit@bankauctions.in ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिये विस्तृत नियम व शर्तें तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी पूछताछ के लिये कृपया संपर्क करें- **जना स्माल फाइनेंस बैंक,** आफिसर्स **मि. महेन्द्र ब्राम्हणे (मो. नं. 9029290202)** व **मि. अजय नायक (मो. नं. 9960948687)**। प्राधिकृत अधिकारी के बेहतर जानकारी के अनुसार संपत्तियों पर कोई भी अधिभार नहीं है। तथापि इच्छुक बिडर्स अपने बिड जमा करने के पूर्व, रखी गई संपत्ति के अधिभार, टाइटिल के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लें। सशर्त बिड स्वीकार नहीं किये जाएंगे। यह उपरोक्त नामित कर्जदारों/ गारंटर्स/गिरवीकर्ताओं के लिए, गिरवी रखी गई संपत्तियों के लिये ई-नीलामी अनुसूची के बारे में भी सूचना है. कर्जदार/गारंटर/गिरवीकर्ता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे ऊपर उल्लेखित अनुसार राशि को, तिथि तक ब्याज तथा सहायक खर्चों सहित, नीलामी तिथि के पूर्व भुगतान कर देवें अन्यथा संपत्ति को बेच दिया जायेगा तथा शेष देयक, यदि कोई को ब्याज तथा लागत सहित वसूल किया जायेगा.

दिनांक : 14.09.2024, स्थान : राजनांदगांव

हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

महानिदेशालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (ITBPF), गृह मंत्रालय/भारत सरकार, खण्ड-2,
Directorate General, I.T.B. Police (ITBP), MHA/ Government of India, Block-2,
केन्द्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003

क्र. I-14014/180/2024/भर्ती शाखा-9237 दिनांक : 06.09.2024

संशोधन

विज्ञापन सं. 08/2024 के संदर्भ में, जो 27 जुलाई से 2 अगस्त 2024 के संस्करण में एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशित हुआ था जो कांस्टेबल (ड्रेसर वेटरीनरी), कांस्टेबल (एनीमल ट्रांसपोर्ट) व कांस्टेबल (केनीलमैन) के पद की भर्ती से संबंधित है, इसमें आनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि में निम्नानुसार आंशिक रूप से संशोधन किया गया है :-

के लिये	पढ़ा जावे
12.08.2024 (00:01 AM) से 10.09.2024 (11.59 PM) तक	30.08.2024 (00:01 AM) से 29.09.2024 (11.59 PM) तक

2. दिनांक 28.08.2024 को स्थानीय समाचार पत्र में तथा 7 सितंबर 2024 से 13 सितंबर 2024 में प्रकाशित एम्प्लायमेंट न्यूज/ रोजगार समाचार में प्रकाशित संशोधन को निरस्त माना जावे.
3. जिन्होंने ऊपर उल्लेखित पदों के लिये पहले से (12.08.2024 से) आवेदन किये हों उन्हें इस संशोधन के विरूद्ध आवेदन करने की जरूरत नहीं है. पहले से प्राप्त आवेदन वैध रहेंगे.
4. विज्ञापन के अन्य सभी नियमों तथा शर्तें ऊपर उल्लेखित पदों के लिये यथावत रहेंगे.

डीआईजी (भर्ती)

CBC 19143/11/0022/2425